# जापान से इंडो-पैसिफिक में ड्रैगन को घेरने की तैयारी

क्वाड

## मंगलवार को टोक्यो में मिलेंगे क्वाड देशों के शीर्ष नेता

■यूक्रेन युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की चुनौती पर चर्चा
■बाइडन और मोदी की द्विपक्षीय बैठक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

टोक्यो। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्ष क्वाड समूह को मजबूत करने के लिए अगले मंगलवार को टोक्यो में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह बैठक ऐसे समय पर होगी जब रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन महीने पूरे हो रहे हैं। चारों क्वाड देश यूक्रेन पर रूसी हमले और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रमकता पर एक मजबूत बयान जारी करने की तैयारी कर रहे हैं। ये दोनों खतरे और इनका वैश्विक प्रभाव बैठक में चर्चा का प्रमुख विषय होगा।

ऑस्ट्रेलिया में आज चुनाव हो रहे हैं। अगर किसी चमत्कार से स्कॉट मॉरिसन की सत्ता में वापसी नहीं हुई तो इस बात की प्रबल संभावना है कि क्वाड टोक्यो में एक



नए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री का स्वागत कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समूह के सबसे वरिष्ठ सदस्य हैं, वहीं जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा समूह में शामिल होने वाले सबसे नए सदस्य हैं। क्वाड समूह यूक्रेन में हिंसा को तत्काल रोकने का आह्वान ऐसे समय पर करेगा जब रूस बड़े पैमाने पर डोनबास और मारियुपोल क्षेत्र पर कब्जे का दावा कर रहा है।

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की चुनौती पर नजरः** अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने रूस को आर्थिक और सैन्य रूप चुनौती देने का मन बना लिया है। ग्रीस और इटली में नए एलएनजी टर्मिनलों से मॉस्को के साथ तेल और गैस संबंधों को कम करने के गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। फिनलैंड और स्वीडन को नाटो में शामिल होने के लिए राजी करके अमेरिका और यूरोपीय संघ ने रूस की चिताओं को बढ़ा दिया है। यूक्रेन युद्ध के अलावा क्वाड का मुख्य फोकस इंडो-पैसिफिक और ताइपे पर चीनी आक्रमण की स्थिति में ताइवान मिलिट्री इमरजेंसी की चुनौती और जापान पर इसके प्रभाव पर होगा।

**बाइडन और किशिदा के साथ पीएम मोदी की द्विपक्षीय बैठकः** उम्मीद की जा रही है कि क्वाड देश ग्लोबल सप्लाई चेन पर ध्यान केंद्रित करने और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों में साझेदारी के साथ समुद्री और ऊर्जा सुरक्षा आर्किटेक्चर को मजबूत करने के लिए हाथ मिला सकता है। क्वाड समिट में हिस्सा लेने के अलावा पीएम मोदी आर्थिक और ऊर्जा सहयोग को गहरा करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जापानी पीएम किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करने जा रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### लोगों में दिखा वोटिंग का क्रेज, चड्डी पहन कर बूथ पर पहुंचा वोटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑस्ट्रेलिया। ऑस्ट्रेलिया में आम चुनावों के लिए वोटिंग हो रही है। इस वोटिंग में लोग अगले तीन साल का कार्यकाल चलाने के लिए अपना प्रधानमंत्री चुन रहे हैं। पर्यावरण, महंगाई के साथ-साथ चीन की मिलिट्री बेस यहां प्रमुख मुद्दा है। ऑस्ट्रेलिया में वोट डालना हर किसी के लिए अनिवार्य है, इसलिए बड़ी संख्या में मतदाता पहुंच रहे हैं। लोग अपनी छुट्टियों से समय निकाल कर मतदान के लिए पहुंच रहे हैं। आस्ट्रेलिया में शनिवार को आम चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। इस चुनाव में प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और लेबर पार्टी के एंथोनी अल्बानीज प्रमुख प्रत्याशी हैं। अनिवार्य वोटिंग के कारण ही लोग हर हाल में मतदान केंद्र पहुंच रहे हैं। सिडनी के बोंडी बीच पर भी पोलिंग स्टेशन बनाया गया है। यहां घूमने आए लोग भी मतदान कर रहे हैं। जिसमें कुछ लोग अपने सर्फ बोर्ड के साथ दिखे तो वहीं कुछ लोग सीधे नहा कर आए और लाइन में लग गए।

### किसी भी महाद्वीप के आधे तट को बर्बाद कर सकती है सरमत मिसाइल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के एक बेहद करीबी अधिकारी पिछले दिनों एक स्कूल पहुंचे। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, रूस की नइ Satan-2 हाइपरसोनिक न्यूक्लियर मिसाइल किसी महाद्वीप के आधे तट को ध्वस्त कर सकती है। इशारों में पश्चिम पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की नई चेतावनी रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख दिमित्री रोगोजिन ने दी है। उन्होंने छात्रों को कई रूसी रणनीतिक रॉकेटों के वीडियो दिखाए। इस दौरान उन्होंने रूस की विशालकाय सरमत मिसाइल की क्षमता के बारे में भी बताया। रूस की सरमत एक इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जो 15,880 मील प्रति घंटे की रफ्तार से टारगेट को तबाह करने में सक्षम है। डेलीमेल की खबर के अनुसार दिमित्री रोगोजिन ने कहा, यहां आप हमारी मिसाइलों के टेस्ट लॉन्च को देख सकते हैं।

### जो बाइडन व दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति की पहली मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके दक्षिण कोरियाई समकक्ष यूं सुक-योल के बीच पहली द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों देशों के प्रमुखों ने उत्तर कोरिया को रोकने व नए जोखिमों का मिलकर सामना करने का संकल्प लिया। बाइडन ने दक्षिण कोरिया व जापान के बीच संबंधों पर चर्चा की। बता दें कि परमाणु सहयोग और उत्तर कोरिया द्वारा उत्पन्न खतरे पर भी चर्चा होनी है। एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। बाइडन पांच दिनों की दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर हैं। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के साथ संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बताया कि उन्होंने उत्तर कोरिया के समक्ष कोरोना वैक्सीन देने की पेशकश की थी लेकिन उधर से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं मिली। दरअसल बाइडन इस बात को लेकर चिंतित हैं कि किम जोंग-उन नए परमाणु परीक्षण कर सकते हैं।

### विश्व युद्ध की सिर्फ रिहर्सल है यूक्रेन की जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। यूक्रेन में रूस की सेना भीषण तबाही मचा चुकी है। दुनिया ने एक ऐसा युद्ध देखा है जिसे कई पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। लेकिन रूस के एक विश्लेषक ने इसे एक बड़े विश्व युद्ध की सिर्फ रिहर्सल करार दिया है। रूस के सरकारी टीवी चैनल पर इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल सिक्योरिटी स्टडीज में रिसर्च फेलो प्रोफेसर एलेक्सी फेनेंको ने कहा कि अगला संघर्ष नाटो के खिलाफ हो सकता है। सनद रहे कि यूक्रेन में अपनी बर्बर कार्रवाई को अभी तक क्रेमलिन ने युद्ध करार नहीं दिया है बल्कि इसके लिए वह स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन शब्द का इस्तेमाल कर रहा है। रूस में मीडिया पर सरकार का नियंत्रण है और अखबार व न्यूज चैनल वही कहते हैं जो क्रेमलिन चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यूक्रेन का युद्ध सिर्फ एक रिहर्सल है, भविष्य में संभावित बड़े संघर्ष की रिहर्सल।

## कोरोना का कहर, उत्तर कोरिया में दवाओं का अकाल!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्योंगयांग। उत्तर कोरिया में कोरोना अपना कहर दिखाना शुरू कर चुका है। यहां हालात और ज्यादा चिंताजनक इसलिए बने हुए हैं क्योंकि देश में किसी को भी वैक्सीन नहीं लगी है और जनता दवाओं की भारी कमी से जूझ रही है। बदइंतजामी के चलते मरीजों को इलाज के लिए घरेलू नुस्खे अपनाने की सलाह दी जा रही है। लोगों को हर्बल चाय पीने और नमक के पानी से गरारे करने के लिए कहा गया है।

साल 2020 की शुरुआत में कोरोना से बचाव के लिए उत्तर कोरिया ने अपनी सीमाओं को बंद कर दिया था इसके बावजूद कोरोना देश में घुस चुका है।

उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन बाहर से वैक्सीन और मेडिकल हेल्प के प्रस्ताव को ठुकरा चुके हैं। बीबीसी की खबर के अनुसार उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया से लोगों को बुखार के इलाज के लिए पारंपरिक नुस्खों को अपनाने की सलाह दी जा रही है। सत्तारूढ़ पार्टी के अखबार Rodong Sinmun ने सलाह दी है कि जो लोग गंभीर रूप से बीमार नहीं है वे अदरक या हनीसकल की चाय पी सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक एंटीसेप्टिक सॉल्यूशन बनाने के लिए हजारों टन नमक प्योंगयांग भेजा गया है।



## नासा के हबल टेलीस्कोप ने भेजा हैरान करने वाली जानकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। नासा के मुताबिक हबल स्पेस टेलीस्कोप ने ब्रह्मांड के विस्तार पर अपनी खोज में नया मील का पत्थर हासिल किया है। हबल ने पता लगाया है कि ब्रह्मांड के फैलने की रफ्तार हमारी सोच से ज्यादा है। इसके साथ ही नासा ने कहा कि इस नई खोज ने उस सिद्धांत का समर्थन किया है, जिसके मुताबिक हमारे ब्रह्मांड में कुछ अजीब हो रहा है, हो सकता है कि ये नया फिजिक्स हो। हालांकि नासा ने डेटा में विसंगति को एक रहस्य बताया है। वैज्ञानिक लगातार हमारे फैलते हुए ब्रह्मांड पर रिसर्च कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों से खगोलवैज्ञानिक हबल जैसे टेलीस्कोप के जरिए ब्रह्मांड को फैलते हुए देख रहे हैं।

## तालिबान के लोग अब नहीं कर सकते दूसरी शादी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

काबुल। अफगान तालिबान के मुखिया हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के अधिकारियों को एक से ज्यादा बार शादी न करने का आदेश दिया है। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा की ओर से अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा गया है कि वह दो, तीन या चार शादियां न करें। ये जरूरी भी नहीं है और महंगा भी पड़ता है।

पिछले साल सत्ता में आने से पहले जनवरी में तालिबान ने इसी तरह का फरमान जारी किया था। इसमें तालिबान ने

**मुखिया अखुंदजादा ने दिया सख्त निर्देश**

नेताओं और कमांडरों को कई पत्नियां रखने पर रोक लगा दी थी। उस दारौन तालिबान ने कहा था कि इस तरह की प्रथा से हमारे दुश्मनों को आलोचना का मौका मिल जाता है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक दहेज को लेकर लोग शिकायत कर रहे थे।

**दहेज के पैसों से करते हैं दूसरी शादीः** कुछ लोगों ने अपने उच्चाधिकारियों से दहेज देने में सहायता के लिए पैसे मांगे थे। कई शिकायतें मिलने के बाद इस तरह का आदेश अब तालिबान ने जारी किया है। सूत्रों के मुताबिक कुछ इलाकों में 20 लाख अफगानी लगभग 20,23,283 रुपए को दहेज के रूप में दिया जाता है। तालिबान के अधिकारी दहेज की इसी रकम से अपनी दूसरी शादी करते हैं।

**महिला को संपत्ति न समझेंः** दिसंबर 2021 में तालिबान ने महिला अधिकारों से जुड़ा एक आदेश दिया था, जिसमें कहा गया था कि महिलाओं को संपत्ति की तरह न समझा जाए। शादी में उनकी सहमति होनी चाहिए। तालिबान के प्रवक्ता जबीहिल्लाह मुहाजिद ने आदेश में कहा, महिला कोई संपत्ति नहीं है, बल्कि वह एक स्वतंत्र इंसान है। कोई भी उसे शांति के लिए या दुश्मनी खत्म करने के बदले नहीं दे सकता है।

### एक तूफान आ रहा है जो देश को बदल देगाः इमरान खान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुल्तान। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि उनकी पार्टी के इस्लामाबाद तक लंबे मार्च की संभावित तारीखों की घोषणा 25-29 मई के बीच की जा सकती है। हालांकि, उन्होंने अभी तारीखों पर अंतिम रूप नहीं दिया है। जियो टीवी ने बताया मुल्तान में एक जलसा को संबोधित करते हुए पीटीआई अध्यक्ष ने कहा, हमें 25-29 मई के बीच फैसला करना है। और परसों, मैं इसे स्पष्ट कर दूंगा, ताकि आपको तैयार होने के लिए समय मिल सके। आपको परसों तारीख मिलेगी। पीटीआई प्रमुख ने अपने समर्थकों से आह्वान किया कि वे तब तक चुप नहीं बैठेंगे जब तक उन्हें एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक राष्ट्र नहीं मिल जाता। उन्हें विश्वास था कि उनके समर्थक आयातित सरकार के खिलाफ मार्च में शामिल होंगे। इमरान खान पिछले एक महीने से देश भर के कई शहरों में जलसा कर रहे हैं।